
OCTOBER2025

ASSEMBLIES OF GOD
CHURCHES IN NEW ZEALAND INC

# Send Me



# Hindi Prayer Guide




## परिचय मुझे भेज"

प्रिय मित्रों,

मैं आप सभी का 21 दिनों की प्रार्थना के आह्वान को स्वीकार करने के लिए धन्यवाद करना चाहता हूँ। पिछले वर्ष की तरह, इस वर्ष भी हमें आशा है कि हमारी सामूहिक प्रार्थना और इस पुस्तिका में दी गई बातों का क्रियान्वयन इस वर्ष के राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए आधार तैयार करने में सहायक होगा। हम परमेश्वर के साथ, और एक-दूसरे के साथ, जीवन और विश्वास को मज़बूत करने वाले समय की आशा करते हैं, और यह कि इसके समापन पर हम और भी बेहतर स्थिति में होंगे।

इस साल का हमारा विषय है - **"मुझे भेज"**। यह यशायाह भविष्यद्वक्ता के अनुभव से लिया गया है, जब उसने कहा "मैंने प्रभु को सिंहासन पर बैठे देखा"। उस अनुभव को शब्दों में बयां करना मुश्किल है और होगा भी और वास्तव में इसकी सराहना तभी की जा सकती है जब हममें से हर एक अनुग्रह के उस क्षण का अनुभव कर पाएं, जहाँ हम उसे देखते हुए महिमा से महिमा में बदल जाते हैं!

एक टीम के रूप में हम इस अहसास को गहरा करने की आशा करते रहें कि यीशु हमारे सर्वस्व के योग्य हैं। हम आशा करें कि उनका प्रेम और अनुग्रह, और पवित्र आत्मा की शक्ति और कार्य के माध्यम से, हम उन्हें और अधिक जान पाएँ। हमारा विश्वास है कि व्यक्तिगत रूप से, कलीसियाई रूप में और एक आंदोलन के रूप में यीशु हमें अपने प्रेम और जीवन की अभिव्यक्ति के रूप में ढाल रहे हैं। वह हम सभी के ज़रिये से जीवन जीने, आगे बढ़ने और प्रेम करने में सक्षम हैं।

सम्मेलन के लिए तैयार रहें ताकि जब परमेश्वर हमसे पूछें "हमारे लिए कौन जाएगा" तब हम सब दिल से कह पाएं **"मैं यहाँ हूँ, मुझे भेज"।**



नगा मिही नुई,

**टेरी ब्रैडली**

**एजीएनजेड जनरल अध्यक्ष**

# दिन 1 सोमवार 22 सितम्बर

“जिस वर्ष उज्जिय्याह राजा मरा, मैं ने प्रभु को बहुत ही ऊंचे सिंहासन पर विराजमान देखा; और उसके वस्त्र के घेर से मन्दिर भर गया। उस से ऊंचे पर साराप दिखाई दिए; उनके छ: छ: पंख थे; दो पंखों से वे अपने मुंह को ढांपे थे और दो से अपने पांवों को, और दो से उड़ रहे थे। और वे एक दूसरे से पुकार पुकारकर कह रहे थे: सेनाओं का यहोवा पवित्र, पवित्र, पवित्र है; सारी पृथ्वी उसके तेज से भरपूर है। और पुकारने वाले के शब्द से डेवढियों की नींवें डोल उठीं, और भवन धूंए से भर गया। तब मैं ने कहा हाय! हाय! मैं नाश हूआ क्योंकि मैं अशुद्ध होंठ वाला मनुष्य हूं और अशुद्ध होंठ वाले मनुष्यों के बीच में रहता हूं क्योंकि मैं ने सेनाओं के यहोवा महाराजाधिराज को अपनी आंखों से देखा है! तब एक साराप हाथ में अंगारा लिए हुए, जिसे उसने चिमटे से वेदी पर से उठा लिया था, मेरे पास उड़ कर आया। और उसने उस से मेरे मुंह को छूकर कहा देख इस ने तेरे होंठों को छू लिया है, इसलिये तेरा अधर्म दूर हो गया और तेरे पाप क्षमा हो गए। तब मैं ने प्रभु का यह वचन सुना मैं किस को भेंजूं और हमारी ओर से कौन जाएगा तब मैं ने कहा मैं यहां हूं! मुझे भेज” यशायाह 6:1-8


## प्रार्थना विषय


- हे पिता, हमें क्षमा कर क्योंकि हम अशुद्ध होंठों वाले लोग हैं। जूफा से मुझे शुद्ध कर, तो मैं शुद्ध हो जाऊँगा; हमें धो दे, तो हम हिम से भी अधिक श्वेत हो जाएँगे। हे परमेश्वर, मुझमें एक शुद्ध हृदय उत्पन्न कर, और हमारे पूरे जीवन में एक दृढ़ आत्मा का नवीकरण कर। (भजन 51)

- प्रभु यीशु, हम आपके रक्त के बहाए जाने के लिए आपका धन्यवाद करते हैं, जो हमें हिम से भी अधिक श्वेत और हमें परमेश्वर के परिवार का हिस्सा बनाता है। हम आपका धन्यवाद करते हैं कि आपका रक्त आज भी हमारे परिवारों, हमारी कलीसियाओं और हमारे राष्ट्र के लिए उत्तम बाते बोलता है।

- (यूहन्ना 15) जो मेरे जीवन से संबंध नहीं रखता उसे काट डालो, जो मेरे हृदय और हमारे कलीसियाओं में अनुपयोगी है उसे छाँट दो। अपनी दया से हमें प्रकाशन, बुद्धि, समान विचारधारा वाले मित्र और रणनीतिक साझेदारियाँ प्रदान करो, ताकि हम आपकी योजना के अनुसार पूरी दुनिया में जा सकें।

- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: अपने शहर/कस्बे में माताओं, पिताओं और परिवारों के लिए प्रार्थना करें। सभी सांसदों और हमारी संसदीय प्रणाली में सेवा करने वालों के लिए प्रार्थना करें। जूलियन और मोनिका हॉकेन (चीन; न्यूज़ीलैंड से हैं) रॉबर्ट और मार्गरेट हंट (फ़िलीपींस; न्यूज़ीलैंड से हैं) पॉल और जंग-डे ली (तुर्की) के लिए प्रार्थना करें।






# दिन 2 – मंगलवार, 23 सितम्बर

“क्योंकि जो कोई प्रभु का नाम लेगा, वह उद्धार पाएगा। फिर जिस पर उन्होंने विश्वास नहीं किया, वे उसका नाम क्योंकर लें? और जिस की नहीं सुनी उस पर क्योंकर विश्वास करें? और प्रचारक बिना क्योंकर सुनें? और यदि भेजे न जाएं, तो क्योंकर प्रचार करें? जैसा लिखा है, कि उन के पांव क्या ही सुहावने हैं, जो अच्छी बातों का सुसमाचार सुनाते हैं।”
रोमियों 10: 13-15

## प्रार्थना विषय

- पवित्र आत्मा, मैं आपकी स्तुति करता हूँ की आपने मुझ पर भरोसा किया और मुझे मेरे समुदाय में सबसे अच्छे समाचार को सुनने के लिए भेजा। मैं 'यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान' के शुभ समाचार में अपने विश्वास की घोषणा करता हूँ। मैं अपने इस विश्वास की पुष्टि करता हूँ कि यीशु मसीह का शुभ समाचार 'परमेश्वर की समार्थ है जो हर उस व्यक्ति को उद्धार प्रदान करती है जो विश्वास करता है'। (रोमियों 1:16)

- हम घोषणा करते हैं कि स्वर्ग के हमारे पिता ने न्यूज़ीलैंड के 'असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड' को अपने लिए ले लिया है। हमें साझेदारी और साथ मिलकर विश्वास के कदमों को उठाने के लिए बुलाया गया है। हम उनके भेजे हुए लोग हैं, जिन्हें हर भाषा और हर जनजाति के लोगों के लिए भेजा जा रहा है।

- हम घोषणा करते हैं कि हमारे शुभ समाचार सुनने से न्यूज़ीलैंड में 'असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड' का प्रभाव और असर 2033 तक दोगुने से भी ज़्यादा हो जाएगा... और हमारा आंदोलन हमारे देश और अन्य आंदोलनों के लिए आशीष का स्रोत बनेगा।

- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: अपने कस्बे/नगर के व्यापारिक समुदाय के लिए प्रार्थना करें। न्यूज़ीलैंड के मीडिया, प्रसारकों और पत्रकारों को प्रार्थना में उठाएं। एवी और रॉबिन मनी (तुर्की) एम और डी एम (एशिया/तुर्की) केविन और डेनिस रीड (न्यूज़ीलैंड स्थित) के लिए प्रार्थना करें।

# दिन 3 — बुधवार, 24 सितम्बर

"मसीह यीशु ने मुझे अन्यजातियों के पास शुभ समाचार ले जाने के लिए भेजा, ताकि वे पवित्र आत्मा से पवित्र होकर परमेश्वर के लिए ग्रहणयोग्य भेंट बनें।" रोमियों15:16

**प्रार्थना विषय:**

- पिता, हम आपका धन्यवाद करते हैं कि आपने हमें अपने समुदायों से बोलने के लिए एक ऐसा वचन दिया है जो जीवित और प्रभावशाली है। धन्यवाद कि हमारी आवाज़ें उस वचन को प्रकट कर सकती हैं जो किसी भी दोधारी तलवार से भी अधिक तेज़ है।


- हम प्रार्थना करते हैं कि आपके वचन हमारे द्वारा बोले जाने पर लोगों की आत्मा और प्राण, जोड़ और मज्जा तक भेद कर जाएँ, और सुनने वालों के हृदय के विचारों और भावनाओं का जाँचे।


- हम यह घोषणा करते हैं कि आने वाले वर्षों में, हमारी सभी कलीसियाओं में सम्पूर्ण सुसमाचार वचन और कर्मों के द्वारा प्रचार किया जाएगा। यीशु मसीह के क्रूस और पुनरुत्थान के सामर्थी और अधिकारपूर्ण प्रचार द्वारा चिह्न और चमत्कार प्रगट होंगे।

- पवित्र आत्मा, हम आपकी स्तुति करते हैं कि आपने हमें परमेश्वर और अविश्वासी संसार के बीच खड़ा होने योग्य बनाया है। हमें सिखाएं और मार्गदर्शन दें ताकि हम बढ़ते-बढ़ते प्रार्थना का ऐसा घर बनें, जहाँ से सारी जातियाँ आकर आप में अपना घर पा सकें।

- परमेश्वर, हम प्रार्थना करते हैं कि आप उन अविश्वासियों के लिए प्रार्थना करने की हमारी क्षमता को बढ़ाएँ और गहराई दें जिनके साथ हम अपना जीवन बाँटते हैं। जिन समुदायों में आपने हमें भेजा है, वहाँ की कठोर भूमि हमारी प्रार्थनाओं द्वारा जोती जाए।

- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन : हम अपने नगर और शहर के कलात्मक और रचनात्मक क्षेत्र को आशीष देते हैं। हम न्यूज़ीलैंड की न्याय व्यवस्था को आपके सम्मुख उठाते हैं: पुलिस, वकील, न्यायाधीश, सुधार अधिकारी, प्रोबेशन सेवा और न्यायालय के अधिकारी। हम विशेष रूप से आपके दासों के लिए प्रार्थना करते हैं — जॉन और मैरी इलियट (न्यूज़ीलैंड), जैसन और जूडी फ़ॉसेट (दक्षिण अफ्रीका), और कैरेन गॉवर (यू.के. तथा इस्राएल)।






# दिन 4 — गुरुवार, 25 सितम्बर

“क्योंकि उन बातों को छोड़ मुझे और किसी बात के विषय में कहने का हियाव नहीं, जो मसीह ने अन्यजातियों की आधीनता के लिये वचन, और कर्म और चिन्हों और अदभुत कामों की सामर्थ से, और पवित्र आत्मा की सामर्थ से मेरे ही द्वारा किए: यहां तक कि मैं ने यरूशलेम से लेकर चारों ओर इल्लुरिकुस तक मसीह के सुसमाचार का पूरा पूरा प्रचार किया।” रोमियों15:18-19

**प्रार्थना विषय:**

- प्रभु यीशु, हम आपका धन्यवाद करते हैं कि हम "आपके द्वारा हमें दिए गए वचन के कारण शुद्ध" हैं। जैसे आप हम में बने रहते हैं, ठीक वैसे ही हमारी लालसा आप में बने रहने की है। हमारी इच्छा आपमें, अर्थात् सच्ची दाखलता में बने रहकर फल उत्पन्न करने की है। (यूहन्ना 15)

- पवित्र आत्मा, हम आज एक ताज़े अभिषेक के लिए प्रार्थना करते हैं। हमें फिर से दिखाएँ कि हमें जिस संसार में भेजा गया है, आप उस संसार में जो है उससे बढ़कर हैं, और हमारे युद्ध के हथियारों में गढ़ों को ढा देने के लिए सामर्थी हैं।

- हम हमारे परिवारों, हमारी कलीसियाओं, हमारे आंदोलन और हमारे राष्ट्र के विरुद्ध आने वाली हर चीज़ पर यीशु के लहू की जीवनदायी शक्ति की घोषणा करते हैं। हम घोषणा करते हैं कि यीशु का लहू, शत्रुओं द्वारा जो कुछ भी हमारे बारे में लिखा या कहा गया है, उसका खण्डन करते है।

- हम घोषणा करते हैं कि हमारे कलीसियाओं में प्रत्येक पुरुष, स्त्री और बच्चे के माध्यम से पवित्र आत्मा की उपस्थिति अधिक से अधिक प्रकट होगी। विश्वास और हाथ रखने जाने के द्वारा हम पवित्र आत्मा को शक्तिशाली रूप से कार्य करते हुए देखेंगे और जीवनों को बदलता हुआ देखेंगे।


- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: अपने मेयर और परिषद को ऊँचा उठाएँ, पूरे न्यूज़ीलैंड में बच्चों के शिक्षकों, लेकटुरेरेस और देखभाल करने वालों का समर्थन करें, कॉलिन और जेनी आयलिंग (मोज़ाम्बिक, न्यूज़ीलैंड से हैं) वैल के लिए प्रार्थना करें बेटअप (थाईलैंड, न्यूज़ीलैंड से हैं) मैल्कम और लिंडा बेलिस (दक्षिण पूर्व एशिया, न्यूज़ीलैंड से हैं)


# दिन 5 — शुक्रवार, 26 सितम्बर

“पर मेरे मन की उमंग यह है, कि जहां जहां मसीह का नाम नहीं लिया गया, वहीं सुसमाचार सुनाऊं; ऐसा न हो कि दूसरे की नींव पर घर बनाऊं॥ परन्तु जैसा लिखा है, वैसा ही हो, कि जिन्हें उसका सुसमाचार नहीं पहुंचा, वे ही देखेंगे और जिन्होंने नहीं सुना वे ही समझेंगे॥” रोमियों 15:20-21

## प्रार्थना विषय:

- हे पिता परमेश्वर, हम आपके आभारी हैं कि आपने हमें एक असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड परिवार में पिरोया है। हम हमारे बड़े भाई यीशु के ज़रिए से, एक ही वादे और एक ही विरासत को साझा करते हैं। हम आनंदित हैं कि यीशु के लहू ने हर दीवार को तोड़ दिया है और हर बाधा को मिटा दिया है।
- स्वर्गीय पिता, हम आपके बहुत आभारी हैं कि आपने अपने पुत्र यीशु को हमारे लिए भेजा, उन्होंने हमें दिखाया की “भेजे जाने” का मतलब आपके कामों को करना और विश्वास के नए समुदायों की स्थापना करना है।
- हमें क्षमा करें जब आपको पाने की ख़ुशी में हम हमें भेजे जाने के आनंद को भूल जाते हैं।
- हम घोषणा करते हैं कि इस सम्मेलन और आगे आने वाले वर्षों के सम्मेलनों में, न्यूज़ीलैंड में असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड आंदोलन उस प्रेम के लिए जाना जाएगा जो उन लोगों के लिए है जो आपको अभी तक नहीं जानते।
- हमारे हृदयों को बदलें: ताकि एक-दूसरे के लिए हमारा प्रेम और अधिक चमके, और अविश्वासियों के लिए इससे दूर रहना मुश्किल हो जाए।
- पवित्र आत्मा, हम प्रार्थना करते हैं कि विनम्रता के अनुग्रह से हमारे आंदोलन को संतृप्त करे। ताकि हम वरदान और हर बुलाहट के लिए द्वार को खोलें। ताकि हम उठें और उन जगहों पर भेजे जाएँ, जहाँ एक नई कलीसिया विकसित हो सके। जिससे आओटेरोआ, न्यूज़ीलैंड में यीशु के बलिदान के योग्य फसल काटी जा सके।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: अपने आस-पास के सभी कलिसियाओं को आशीष दें और उनके लिए प्रार्थना करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह न्यूज़ीलैंड में सभी ईसाई संप्रदायों के अगुवों को बुद्धि और नए अभिषेक से भरें। हीथर बॉर्न (फ़्रांस), मैक्स और डोरोथी चिसमोन (दक्षिण पूर्व एशिया, न्यूज़ीलैंड से हैं), बेंजामिन और फ़ोएबे कोएनराडी (अफ़्रीका) के लिए प्रार्थना करें।






# दिन 6 — शनिवार, 27 सितम्बर

"देखो, मेरा दास बुद्धि से काम करेगा, वह ऊंचा, महान और अति महान हो जाएगा। जैसे बहुत से लोग उसे देखकर चकित हुए (क्योंकि उसका रूप यहां तक बिगड़ा हुआ था कि मनुष्या का सा न जान पड़ता था और उसकी सुन्दरता भी आदमियों की सी न रह गई थी), वैसे ही वह बहुत सी जातियों को पवित्र करेगा और उसको देखकर राजा शान्त रहेंगे; क्योंकि वे ऐसी बात देखेंगे जिसका वर्णन उनके सुनने में भी नहीं आया, और, ऐसी बात उनकी समझ में आएगी जो उन्होंने अभी तक सुनी भी न थी।।" यशायाह 52:13-15

## प्रार्थना विषय


- हे स्वर्गीय पिता, हमें उन क्षणों के लिए क्षमा करें जब यीशु की तरह हम अपना क्रूस उठाने को तैयार नहीं थे। हम आपसे दया और अनुग्रह की प्रार्थना करते हैं। हमें अपनी दया का एक नया दर्शन दें जिससे हम पश्चाताप कर सकें, मूल्य को समझ सकें, बुद्धिमानी से काम कर सकें, सही मार्ग चुन सकें और अपना क्रूस एक बार फिर उठा सकें।
- हमें कोमल आँखें दें ताकि हम भेजे गए समुदाय को हम वैसे ही देखें जैसा आप उसे देखते हैं। आपके दिल जिन बातों से टूटता है, हमारे दिल भी उन बातों से टूटने पाए। हमारे दिलों को बदलें और उन लोगों के लिए करुणा जगाएँ, जो बिना चरवाहे की भेड़ों के समान हैं।
- हम घोषणा करते हैं कि न्यूजीलैंड में परमेश्वर की सभाएँ एक आंदोलन है जिसे यीशु मसीह ने हमारे देश के मोहल्लों, कस्बों और शहरों में भेजा है। मसीह ने हमें स्वतंत्रता का प्रचार करने, टूटे हुए दिलों को बाँधने और बीमारों को ठीक करने के लिए भेजा है।
- हम घोषणा करते हैं कि हमारे पूरे आंदोलन में प्रेरितों, भविष्यद्वक्ताओं, प्रचारकों, चरवाहों और शिक्षकों का अभिषेक होगा। ताकि हर पुरुष, महिला और बच्चे को तैयार करके फसल काटने के लिए भेजा जाए।
- हम अपने अध्यक्ष पीएस टेरी और हमारी कार्यकारी टीम के लिए प्रार्थना करते हैं, आपके निर्देशानुसार हमारे आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए आप उन्हें बुद्धिमानी भरी रणनीतियाँ और साहस से भरें।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: अपने कस्बे/नगर में देखभाल करने वालों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए प्रार्थना करें। न्यूजीलैंड में नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के उभरने के लिए प्रार्थना करें। सैम और कैरल सूकोट्टा (इंडोनेशिया) रॉड और लिनली टैलबोट (अफ्रीका) के लिए प्रार्थना करें।


# दिन 7 — रविवार, 28 सितम्बर

“परन्तु परमेश्वर का धन्यवाद हो, जो मसीह में सदा हम को जय के उत्सव में लिये फिरता है, और अपने ज्ञान का सुगन्ध हमारे द्वारा हर जगह फैलाता है। क्योंकि हम परमेश्वर के निकट उद्धार पाने वालों, और नाश होने वालों, दोनो के लिये मसीह के सुगन्ध हैं। कितनो के लिये तो मरने के निमित्त मृत्यु की गन्ध, और कितनो के लिये जीवन के निमित्त जीवन की सुगन्ध, और इन बातों के योग्य कौन है?” 2 कुरिन्थियों 2:14-16

## प्रार्थना विषय

- स्वर्गीय पिता, कभी भी काम बंद न करने वाले परमेश्वर के रूप में हम आपका सम्मान करते हैं, ऐसा परमेश्वर जो हमेशा अपने मिशन पर रहता है। खोए हुए लोगों की निरंतर खोज ही आपका जुनून और आपका मुख्य कार्य है। पिता, आपके बच्चों के रूप में इस डीएनए को पाने से हम बहुत खुश हैं। पिता, मैं आपके व्यवसाय में आपके द्वारा मुझे दिए गए कार्य के लिए खुद को नए सिरे से समर्पित करता/करती हूँ।
- उन पलों के लिए हम क्षमा करें जब हम डरे हुए, स्वार्थी या शर्मिंदा और आपको प्राप्त करने की खुशी के बारे में दूसरों को बताने में असफल रहे। आपके साथ अपने रिश्ते की आशीष को दूसरों तक न पहुँचा पाने के लिए हमें क्षमा करें। हम अपने समुदायों की आध्यात्मिक स्थिति के प्रति अपनी उदासीनता और अंधेपन को स्वीकार करते हैं।
- हम घोषणा करते हैं कि आगे चलकर न्यूज़ीलैंड के असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड सभाएं खुद को एक श्रम शक्ति के रूप में देखेंगी जिसे पकी हुई फसल काटने के लिए भेजा जा रहा है। हमारी पहचान 'परमेश्वर के कार्यकर्ता, राष्ट्रों को एकत्रित करने के लिए उनके द्वारा निर्मित लोगों का एक घर' होगी।
- हमारे पूरे आंदोलन में प्रेरितिक, भविष्यसूचक, सुसमाचार प्रचारात्मक, चरवाही और शिक्षण के वरदानों को उभारने के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं। हम आपको आपस में एक-दूसरे के प्रति विनम्रता और प्रेम के लिए धन्यवाद देते हैं जो दूसरे व्यक्ति के वरदानों को स्थान देती है और उन्हें प्राथमिकता देती है।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: अपने शहर/कस्बे के व्यसनग्रस्त और अवसादग्रस्त लोगों के हृदयों में आशा की किरण जगाने के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि पूरे आओटेरोआ में बच्चों के हृदय पिताओं की ओर और पिताओं के हृदय बच्चों की ओर मुड़ें। हिलेरी और जैकी टुमुसीमे (युगांडा), रॉबिन और मार्गरेट ऐम (केन्या), पीटर और हेलेन ब्राउन (फिलीपींस) के लिए प्रार्थना करें।






# दिन 8 — सोमवार, 29 सितम्बर

इसलिए प्रभु से डरते हुए हम सत्य को ग्रहण करने के लिये लोगों को समझाते-बुझाते हैं। हमारे और परमेश्वर के बीच कोई पर्दा नहीं है। और मुझे आशा है कि तुम भी हमें पूरी तरह जानते हो।
2 कुरिन्थियों 5:11

## प्रार्थना विषय


- पवित्र आत्मा, हम आपकी उस शक्ति के लिए धन्यवाद देते हैं जिससे आपके द्वारा दी गई ज़िम्मेदारीयों को हम पूरा कर सकें। हमें खुशी है कि आपने हमारे समुदाय को बदलने के लिए हमे एक साथ भेजा है। जिससे हमारी कलीसियाएं जीवित पत्थरों के ऐसे घर बनते जा रहे हैं जहाँ आपकी महिमा बनी रहे।
- हमें क्षमा करें जब अपनी कमज़ोरी में एक-दूसरे के अन्दर हम आपको देखने में असफल रहे हैं और बारी-बारी से बोलते रहे हैं। हमें एक-दूसरे को क्षमा करने की कृपा प्रदान करें और एक-दूसरे में आपकी महानता को देखने की आँखें प्रदान करें। प्रभु, हम अपने अहंकार के लिए पश्चाताप करते हैं और दूसरों को खुद से बेहतर समझने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करते हैं।
- हम घोषणा करते हैं कि हमारे आंदोलन में, अनुग्रह और विनम्रता की भावना एक खुले स्वर्ग को जन्म देगी। हमारे प्रत्येक कलीसिया में आपके लोगों को नया अभिषेक प्राप्त होगा। आपने हमें जहाँ भेजा है, वहाँ के कार्यस्थलों, मोहल्लों और कलिसियाओं में मिशन और सेवा के लिए नए वरदान प्राप्त होंगे।
- हम घोषणा करते हैं कि हमारा आंदोलन प्रभु के भय से चिह्नित होगा। ताकि जैसा आप पवित्र हैं हम भी आपकी तरह पवित्र बने। कि आप अपने वासस्थान को शुद्ध करें और अपनी दया से उन बातों को काटे और छाँटे जो आपके नाम का अपमान करती हैं।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: निचले दक्षिण द्वीप पर आशीष और पवित्र आत्मा के उडेलने  की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर पीटर नेक्लेन और उस क्षेत्र के अन्य पासवानों की रक्षा और अभिषेक से भरें। हमारे अधीक्षक पास्टर टेरी और रोवेना ब्रैडली के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। के के लिए प्रार्थना करें। फाउंटेन (एशिया प्रशांत, न्यूजीलैंड से हैं) एलन और एलिजाबेथ ओ'लॉघलिन (यूके) डग और कालिंडा लिचवार्क (पूर्वी एशिया) एम और केटी (दक्षिण पूर्व एशिया)।


# दिन 9 — मंगवार, 30 सितम्बर

यह सब बातें परमेश्‍वर की ओर से हैं, जिस ने मसीह के द्वारा अपने साथ हमारा मेल-मिलाप कर लिया, और मेल-मिलाप की सेवा हमें सौंप दी है। 2 कुरिन्थियों 5:18

## प्रार्थना विषय

- हे पिता परमेश्वर, हम आपके वादों और कई दशकों से हमारे आंदोलन के प्रति आपकी निष्ठा से अभिभूत हैं। हम आपका धन्यवाद करते हैं कि आपने हमें एक राष्ट्र के रूप में अपने लिए सुरक्षित रखा है।
- हम वैश्विक A/G आंदोलन को 2033 से पहले आकार में दोगुना करने के लिए दिए गए दर्शन, प्रकटीकरण, अनुग्रह और शक्ति के लिए धन्यवाद देते हैं।
- पवित्र आत्मा, सारे आदर के साथ हम यह कहते हैं कि यह मानवीय बल या ताकत से नहीं, बल्कि आपकी सामर्थ से होगा। हमें सदैव विनम्र बनाए रखें और अपने मार्गों के प्रति सचेत रखें, क्योंकि हम बहुत आसानी से अपने ऊपर भरोसा करने लगते हैं।
- हम आपको आमंत्रित करते हैं ताकि आप हमें दिखाएँ कि हमारे जीवनों में कहाँ पर यीशु मसीह प्रभु नहीं हैं। अगर हमारे भीतर कोई भी दुष्ट मार्ग है, तो आएँ और प्रकट करें। हमारे बीच आएँ और हमें उन अपवित्र और अनुचित चीज़ों को नष्ट करने का साहस दें जो आपकी सेवा के लिए रुकावट हैं।
- हम पुष्टि करते हैं और घोषणा करते हैं कि सम्मेलन में और उसके बाहर भी न्यूज़ीलैंड में असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड" परमेश्वर की आवाज़ के प्रति एक आज्ञाकारी आंदोलन हैं।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: मध्य-दक्षिण द्वीप पर आशीष और पवित्र आत्मा की वर्षा की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर जोनाथन हेल्स और उस क्षेत्र के अन्य पादरियों की रक्षा और अभिषेक करें। हमारे उप अधीक्षक और समोआई जातीय समूह के नेता पास्टर लाउ और नैन्सी फलेतुतुलु के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। हमारे सभी समोआई चर्चों पर दोहरे आशीष की घोषणा करें और समोआई चर्च-रोपकों की रिहाई की घोषणा करें। जॉन और लिंडा वॉटसन (न्यूज़ीलैंड स्थित), डेविड और पुष्पा वाटर्स (दक्षिण पूर्व एशिया), केन और एर्ला वर्चु (फिलीपींस) के लिए प्रार्थना करें।






# दिन 10 — बुधवार, 1 अक्टूबर

अर्थात परमेश्वर ने मसीह में होकर अपने साथ संसार का मेल मिलाप कर लिया, और उन के अपराधों का दोष उन पर नहीं लगाया और उस ने मेल मिलाप का वचन हमें सौंप दिया है॥ 2 कुरिन्थियों 5:19

## प्रार्थना विषय


- हम प्रभु यीशु के उस उत्साही प्रेम के लिए धन्यवाद देते हैं, जिसके कारण हमारे आत्मिक माता-पिताओं ने आओटेरोआ में पवित्र आत्मा/पेंटेकोस्टल के अनुभव के साक्षी होने के लिए अपने जीवन को समर्पित किया है।
- हे पिता परमेश्वर, हम आपसे प्रार्थना करते हैं कि जैसे आपने हमारे जीवनों में पेंटेकोस्ट की पहली लौ जलाई थी... वैसे ही आप एक बार फिर हमारे जीवनों में आपके प्रति प्रथम-प्रेम को जागृत करें... और हमें दिखाएँ कि दूसरों की सोच के भय ने हमें कहाँ बाँध रखा है।
- प्रभु यीशु, पेंटेकोस्ट की आग को हमारे देश की हर भाषा, जनजाति और पुरुषों, महिलाओं, लड़कों और लड़कियों में जलाने के लिए हम धन्यवाद देते हैं। हम पवित्र आत्मा का धन्यवाद देते हैं कि आपने हममें और हमने आपमें एक घर को पाया है।
- हम आने वाले वर्षों में हमारे सम्मेलन और हमारे आंदोलन पर हमारे प्रभु यीशु मसीह के परमेश्वर और पिता के बहुसांस्कृतिक, अंतर-पीढ़ीगत, अन्योन्याश्रित आशीष की घोषणा करते हैं।
- हम आओटेरोआ न्यूज़ीलैंड में यीशु मसीह में विश्वास और आशा के एक नए युग की घोषणा करते हैं। न्यूज़ीलैंडवासियों के होठों पर एक नया गीत भरेगा, एक ऐसा गीत जो परमेश्वर की भलाई और यीशु के कार्यों में आनंदित होगा।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: ऊपरी दक्षिण द्वीप पर आशीष और पवित्र आत्मा के उंडेले जाने की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर रॉस फर्ग्यूसन और उस क्षेत्र के अन्य पासवानों की रक्षा और अभिषेक से भरें। हमारे कार्यकारी सदस्य और ते रूपु माओरी नेता पास्टर मीना और डेनिस एक्रामन के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। हमारे सभी माओरी कलिसियाओं पर दोहरे आशीष की घोषणा करें और माओरी चर्च-संरक्षकों की रिहाई की घोषणा करें। सोलोमन और सोला चंद (नाउरू) के लिए प्रार्थना करें।
- जे और सी एम (इंडोनेशिया) हामिश और हैडी बेट्स (सिंगापुर)।


# दिन 11 — गुरुवार, 2 अक्टूबर

परन्तु जब पवित्र आत्मा तुम पर आएगा तब तुम सामर्थ पाओगे; और यरूशलेम और सारे यहूदिया और सामरिया में, और पृथ्वी की छोर तक मेरे गवाह होगे।
प्रेरितों के काम 1:8

## प्रार्थना विषय

- हे पिता परमेश्वर, हम पवित्र आत्मा को भेजने के लिए आपका धन्यवाद करते हैं, जो अद्भुत सलाहकार, हमारे मिशन रणनीतिकार और शैतान के कार्यों को पराजित करने के लिए अपनी महान शक्ति प्रदान करते हैं।
- हम न्यूज़ीलैंड में पवित्र आत्मा के निरंतर और शक्तिशाली प्रवाह की घोषणा करते हैं। जिससे आप अपनी कलीसिया का नवीनीकरण करेंगे और उसे एक नई मशक में बदल देंगे जो नई मदिरा के लिए उपयुक्त हो।
- हम नई कलिसियाओं और नए विश्वासी समुदायों के निर्माण की घोषणा करते हैं। हमें यकीन है आने वाले वर्षों में आप इस मशक को शिष्य बनाने की नई मदिरा से भर देंगे। ऐसे शिष्य जिन्हें फसल काटने और राष्ट्रों को शिष्य बनाने के लिए भेजा जाए।
- हम यीशु के लहू द्वारा बंधनों, श्रापों, व्यसनों, बीमारियों और रोगों के टूटने की घोषणा करते हैं। हम अपने वेनुआ (भूमि) पर यीशु के लहू की घोषणा करते हैं। यीशु के नाम में हम शत्रुओं को बाँधते हैं, गढ़ों को ढाते हैं और दुष्टात्माओं को निकलने का आदेश देते हैं।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: वेलिंगटन क्षेत्र पर आशीष और पवित्र आत्मा की वर्षा की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर पॉल व्हाइट और उस क्षेत्र के अन्य पासवानों की रक्षा करें और उन्हें अभिषेक से भरें। पास्टर पॉल व्हाइट हमारे आंदोलन में पुरुषों का समर्थन करते हैं, प्रार्थना करें कि आध्यात्मिक शक्ति और सामर्थ्य वाले पुरुष उनके साथ परिवारों, पड़ोस, कलीसियाओं और कार्यस्थलों में सेवा करने के लिए तैयार होने पाएं। हमारे इग्ज़ेक्यटिव सदस्य पास्टर माइक और मिशेल कोए के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। नए क्षेत्र के चर्च संस्थापकों पर अनुग्रह और अधिकार के लिए प्रार्थना करें। फिलिप और सारा हॉकेन (केन्या), डेव और हेइडी फ्रेज़र (कंबोडिया) के लिए प्रार्थना करें।






# दिन 12 — शुक्रवार, 3 अक्टूबर

सो हम मसीह के राजदूत हैं; मानो परमेश्वर हमारे द्वारा समझाता है: हम मसीह की ओर से निवेदन करते हैं, कि परमेश्वर के साथ मेल मिलाप कर लो। 2 कुरिन्थियों 5:20

## प्रार्थना विषय


- हे पिता परमेश्वर, हम आपके सामने झुकते हैं। जो आपने हमारे लिए किया और जो कुछ आपने हमारे परिवारों, कस्बों/नगरों, चर्चों और राष्ट्र में करने का वादा किया है उसके लिए हम आपको आदर, प्रशंसा और सारी महिमा देते हैं।
- हमें आश्चर्य है कि आप हमें एक साथ जोड़कर हमारे आंदोलन में एक नया काम कर रहे हैं। हे पिता, हमारे बीच अपना रास्ता बनाते रहिए और जो आपने शुरू किया है उसे पूरा कीजिए। इस सम्मेलन में और आने वाले वर्षों में हम पर अपना अनुग्रह बनाए रखें। अपने नाम के निमित हम में एक गहरा काम करें।
- पिता परमेश्वर, हम इस देश के लोगों के लिए आपका धन्यवाद करते हैं। तांगाता वेनुआ के लिए धन्यवाद जिन्होंने सुसमाचार सुना और उसे अपनाया और उन्हें वचन का प्रचार करने और चर्च स्थापित करने के लिए भेजा गया। हम आपको जागृति की आग के लिए धन्यवाद देते हैं जो इवी (जनजातियों) और हापु (उप-जनजातियों) में फैल गई थीं। पवित्र आत्मा, हम आपसे उन अंगारों पर फूंक मारने के लिए प्रार्थना करते हैं। हम मोटू (राष्ट्र) के हर कबीले से (करंगा) माओरी लोगों को यीशु के पास आने और उनके नाम में जीवन पाने के लिए बुलाते हैं।
- प्रभु यीशु, शिष्य बनाने और कलीसियाएँ स्थापित करने के लिए नए दृष्टिकोण और नई रणनीतियों के लिए हम आपका धन्यवाद करते हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि हमारे सभी कलीसियाओं में टूटे हुए, पीड़ित, व्यसनग्रस्त, बेघर लोगों की पुकार, कोमल आँखों और करुणा से सुनी जाए। "हे प्रभु, मुझे भेज, मुझे प्रेम के साथ भेज, मुझे अनुग्रह के साथ भेज, मुझे विश्वास के साहसिक कार्यों पर भेज, बंदियों को मुक्त करने की शक्ति के साथ मुझे भेज"।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: पश्चिमी तट उत्तरी द्वीप पर आशीष और पवित्र आत्मा के उंडेले जाने की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर पॉल कॉर्निश और उस क्षेत्र के अन्य पासवानों की रक्षा और अभिषेक करें। पास्टर पिप बैटन के लिए प्रार्थना करें क्योंकि हमारे आंदोलन में वह महिलाओं का समर्थन करती हैं। प्रार्थना करें कि परमेश्वर उनके साथ आध्यात्मिक शक्ति और सामर्थ्य वाली महिलाओं को खड़ा करें ताकि वे उनके परिवारों, मोहल्लों, कलीसियाओं और कार्यस्थलों में सेवा कर सकें। हमारे कार्यकारी सदस्य पीएस संजय और सुनीता कंड्रेगुला के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें।


# दिन 13 — शनिवार, 4 अक्टूबर

इसलिथे आ, मैं तुझे फिरौन के पास भेजता हूं कि तू मेरी इस्राएली प्रजा को मिस्र से निकाल ले आए। तब मूसा ने परमेश्वर से कहा, मै कौन हूं जो फिरौन के पास जाऊं, और इस्राएलियों को मिस्र से निकाल ले आऊं ? तब उसने कहा, "निश्चय मैं तेरे संग रहूँगा; और यह तेरे लिये चिन्ह होगा कि मैंने तुझे भेजा है: जब तू उन लोगों को मिस्र से निकाल लेगा, तब तुम इस पर्वत पर परमेश्वर की उपासना करोगे। निर्गमन 3: 10-12

## प्रार्थना विषय

- फसल के स्वामी, आपकी बुलाहट को हमने सुना है। हम, न्यूजीलैंड में स्थित  असेंबली ऑफ गॉड चर्च ने आपकी बुलाहट की कीमत आँकी है और हम "हाँ" कहते हैं। हम प्रेरितों के रूप में जाएँगे। हम भविष्यद्वक्ताओं के रूप में जाएँगे। हम प्रचारकों के रूप में जाएँगे। हम चरवाहों (पासवानों) के रूप में जाएँगे और हम शिक्षक के रूप में जाएँगे।
- प्रभु यीशु, जैसे आपको भेजा गया था, वैसे ही हम एक-दूसरे को भेजते हैं। हम आपका धन्यवाद करते हैं, और हम में से हरएक में, हम आपके उस अंश को स्वीकार करते हैं जो दूसरों के लिए आशीष है।
- प्रभु यीशु, एक-दूसरे को नज़रअंदाज़ करने, एक-दूसरे को कम आंकने और आपके दिए गए दानों का दुरुपयोग करने के लिए हमें क्षमा करें। हमें देखने के लिए नई आँखें और एक-दूसरे को सुनने के लिए नए कान दें।
- हम अपने बाएँ और दाएँ ओर देखते हैं। हम देखते हैं, हम छुड़ाते हैं और हम प्रेरितों, भविष्यद्वक्ताओं, प्रचारकों, चरवाहों और शिक्षकों को बुलाते हैं। हम न्यूजीलैंड में असेंबली ऑफ गॉड चर्च के लिए एक नए युग की घोषणा करते हैं; हम इन पाँच दानों के तालमेल को कटनी में इस्तेमाल होते हुए देखते हैं, हम निरंतर पुनरुत्थान और शिष्य बनाने के कार्य को आने वाले दशकों तक जारी देखते हैं।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: पूर्वी तट उत्तरी द्वीप पर आशीष और पवित्र आत्मा की वर्षा की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर साजन ईसो और उस क्षेत्र के अन्य पासवानों की रक्षा और उन्हें अभिषेक से भरें। प्रार्थना करें कि हमारा आंदोलन असंख्य बच्चों के लिए सुरक्षा और आनंद का घर बने। हमारे कलीसियाओं के माध्यम से बच्चों को शिष्य बनाने की घोषणा करें। पास्टर सारा कूप का समर्थन करें क्योंकि वह हमारा नेतृत्व करती हैं और राष्ट्रीय कार्यालय में हमारे वित्त और करों का प्रबंधन करने में अपनी भूमिका निभाती हैं।






# दिन 14 — रविवार, 5 अक्टूबर

मूसा ने परमेश्वर से कहा, जब मैं इस्राएलियों के पास जाकर उन से यह कहूं, कि तुम्हारे पितरोंके परमेश्वर ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है, तब यदि वे मुझ से पूछें, कि उसका क्या नाम है? तब मैं उनको क्या बताऊं? परमेश्वर ने मूसा से कहा, मैं जो हूं सो हूं। फिर उस ने कहा, तू इस्राएलियों से यह कहना, कि जिसका नाम मैं हूं है उसी ने मुझे तुम्हारे पास भेजा है। निर्गमन 3:13-14

## प्रार्थना विषय

- पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन में चलें और 1 पतरस 2 (नीचे) से इन वाक्यों को लेकर इन्हें लोगों, कस्बों, कलीसियाओं और राष्ट्रों पर एक घोषणा के रूप में दोहराएँ... जैसे पवित्र आत्मा आपका मार्गदर्शन करें - लोगों के नाम, अपने कस्बे/ शहर, अपनी कलीसिया और राष्ट्रों आदि को दिए हुए स्थान [ ] में डालें,

- …क्योंकि आप [ ] एक चुना हुआ वंश हैं। आप [ ] राजपदधारी याजक, एक पवित्र राष्ट्र, परमेश्वर की अपनी संपत्ति है। परिणामस्वरूप, आप [ ] दूसरों को परमेश्वर की भलाई दिखा सकते हैं, क्योंकि उसने आपको [ ] अंधकार से निकालकर अपने अद्भुत प्रकाश में बुलाया है और आपको उसके सामर्थी नाम में बड़े-बड़े कार्यों को करने के लिए भेजा है।

- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: भरपूरी की खाड़ी पर पवित्र आत्मा की आशीष और पवित्र आत्मा के उंडेले जाने की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह उस क्षेत्र के पास्टर डेनिस और मीना एक्रामन और अन्य पासवानों की रक्षा और अभिषेक करें। हमारे कार्यकारी सदस्य, जोसेफ और लिसा मैककॉली के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें।


- यरुशलेम की शांति और इस्राएल में जागृति के लिए प्रार्थना करें। प्रार्थना करें कि वें यीशु को मसीहा के रूप में स्वीकार करें और यहूदी लोगों से किए गए प्राचीन वादों की पूर्ति के रूप में उसे देखें।


# दिन 15 — सोमवार, 6 अक्टूबर

तब यहोवा ने उसकी ओर दृष्टि करके कहा, “इस सामर्थ्य के साथ जा और इस्त्राएलियों को मिद्यानियों के हाथ से छुड़ा। क्या मैंने तुझे नहीं भेजा? उसने उससे कहा, “हे मेरे प्रभु, मैं इस्त्राएल को किस प्रकार छुड़ाऊँ? देख, मेरा कुल मनश्शे में सब से दरिद्र है, और मैं अपने पिता के घर में सबसे छोटा हूँ। यहोवा ने उससे कहा, “निश्चय मैं तेरे साथ रहूँगा; और तू मिद्यानियों को ऐसे मार डालेगा जैसे एक ही मनुष्य को। न्यायियों 6: 14-16

## प्रार्थना विषय

- हे परमेश्वर, हमें अनुग्रह दे कि हमारे इस आंदोलन द्वारा एक दृढ़ विश्वास उत्पन्न हो। हम 'मजबूत और साहसी बने। ना डरने वाले और न हतोत्साहित होने' वाले। हमें ऐसे आँखें दे जो यह देखें कि 'जहाँ कहीं हम जाते हैं, हमारा प्रभु परमेश्वर हमारे साथ है' (यहोशू 1:9, मत्ती 28)।
- हमें निरंतर यह एहसास दिलाएँ कि 'जो हमारे साथ हैं वे उससे बढ़कर हैं जो हमारे विरोध में हैं' (2 राजा 6:16)
- हे पिता, हमें क्षमा करें क्योंकि हमने अपने आप को अपनी खुद की समझ के कारण सीमित रखा है। हमें अपनी अपेक्षाओं को अपने पिछले अनुभवों तक सीमित रखने के लिए क्षमा करें। हम पश्चाताप करते हैं, हम आपकी ओर मुड़ते हैं और आपके और आपकी सामर्थ के गहरे प्रकटीकरण की प्रार्थना करते हैं।
- हम युवा और वृद्धों के हृदय में मिशन के लिए साहसिक विश्वास के एक नए युग की घोषणा करते हैं। हम नई रणनीतियों, पवित्र आत्मा के निर्देशों और परमेश्वर की सामर्थ को हमारे द्वारा प्रवाहित होने के आज्ञाकारिता का युग की घोषणा करते हैं।
- हम अपने परमेश्वर के बारे में कहते हैं कि वह न्यूजीलैंड में असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड के लिए सामर्थ और ढाल हैं। वह फसल का प्रभु हैं जो रात-दिन हमारी निगरानी करते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं ताकि हम 2033 से पहले अपने प्रभाव और पदचिह्न को दोगुना से भी अधिक कर सकें।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: वाइकाटो पर पवित्र आत्मा के अभिषेक और उसके उंडेले जाने की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर कैरोलिन मोक्सहैम और उस क्षेत्र के अन्य पासवानों की रक्षा और अभिषेक करें। हमारे कार्यकारी सदस्य पास्टर पॉल और केरी गॉर्डन के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें।






# दिन 16 — मंगलवार, 7 अक्टूबर

परन्तु तू उठ, अपने पांवों पर खड़ा हो; क्योंकि मैं ने तुझे इसलिये दर्शन दिया है, कि तुझे उन बातों का भी सेवक और गवाह ठहराऊं, जो तू ने देखी हैं, और उन का भी जिन के लिये मैं तुझे दर्शन दूंगा। और मैं तुझे तेरे लोगों से और अन्यजातियों से बचाता रहूंगा, जिन के पास मैं अब तुझे इसलिये भेजता हूं। प्रेरितों के काम 26:16-17

## प्रार्थना विषय


- प्रभु यीशु, आपने हमारे लिए जो किया है, उसे हम स्वीकार करते हैं, आपने हमारे होठों को कोयले से छुआ है और हमें अपनी भेजी हुई जाती बनाया है। हम इस ज़िम्मेदारी को स्वीकार करते हैं, हम आपके लोग हैं जिन्हें आपके नाम से पुकारा जाता है।
- न्यूज़ीलैंड की हम असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड, स्वयं को विनम्र करते और प्रार्थना करते हैं।
- हम अपने को विनम्र करते और आपके दर्शन की खोजी होते हैं। हम अपने दुष्ट मार्गों से, सांसारिक, गैर-आत्मिक और शैतान बातों से दूर होते हैं।
- अपनी महान दया से, जिनके पास हम भेजे गए हैं जब हम उनके लिए पुकारें तब आप स्वर्ग से हमारे पुकार को सुनें। हमारे पापों को क्षमा करें और हमारी भूमि को पुनर्स्थापित करें। हमारी हर प्रार्थना पर अपनी आँखें और कान खोलें और उन पर ध्यान दें।
- हम अपने आंदोलन और अपने राष्ट्र के नेताओं के लिए ऊपर से ज्ञान की आत्मा की घोषणा करते हैं। पवित्र आत्मा द्वारा दिया गया ज्ञान जो सबसे पहले शुद्ध है, फिर शांतिप्रिय, हर समय कोमल, और दूसरों के लिए समर्पित है। एक ऐसा ज्ञान जो कृपा से भरा है और अच्छे कर्मों का फल है। एक ऐसी बुद्धि जो किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं करती और हमेशा सच्ची होती है (याकूब 3)।
- हम अपने पूरे आंदोलन और पूरे एओटेरोआ न्यूज़ीलैंड में शांतिदूतों के उत्थान की घोषणा करते हैं। शांतिदूत जो शांति के बीज बोएँगे और धार्मिकता की फसल काटेंगे।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: ऑकलैंड क्षेत्र पर आशीष और पवित्र आत्मा के उंडेले जाने की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर बिनुराज और क्रिस सोला और उस क्षेत्र के सभी अन्य पासवानों की रक्षा करें और उन्हें अभिषेक से भरें। हमारे कार्यकारी सदस्य और टोंगन जातीय समूह के नेता पीएस अनाहिना और वोसैलांगी सिकालू के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। हमारे सभी टोंगन चर्चों पर दोगुना आशीष और टोंगन चर्च-रोपण करने वालों पर रिहाई की घोषणा करें। हमारे भारतीय जातीय नेता पीएस बिनुराज के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। हमारे सभी भारतीय चर्चों पर दोगुना आशीर्वाद और भारतीय चर्च-रोपण करने वालों की रिहाई की घोषणा करें।


# दिन 17 — बुधवार, 8 अक्टूबर

दमिश्क में हनन्याह नाम एक चेला था, उस से प्रभु ने दर्शन में कहा, हे हनन्याह! उस ने कहा; हां प्रभु। तब प्रभु ने उस से कहा, उठकर उस गली में जा जो सीधी कहलाती है, और यहूदा के घर में शाऊल नाम एक तारसी को पूछ ले; क्योंकि देख, वह प्रार्थना कर रहा है। और उसने दर्शन में देखा है कि हनन्याह नाम का एक मनुष्य भीतर आया और उस पर हाथ रखकर उसे दृष्टि मिली। प्रेरितों के काम 9:10 -12

## प्रार्थना विषय

- पिता परमेश्वर, विश्वव्यापी असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड आंदोलन के प्रति आपकी अविश्वसनीय निष्ठा के लिए हम आपका धन्यवाद करते हैं। 2033 तक खुद को दोगुना करने की कल्पना करने के लिए सामूहिक अनुग्रह और एकता के लिए हम आपका धन्यवाद करते हैं। हम आशा करते हैं कि आप हमें अपने वैश्विक पदचिह्न को दोगुना करने के लिए विश्वास निरंतर प्रदान करें।
- 'यहाँ आओटेरोआ न्यूज़ीलैंड में हम पुकारते हैं "हाँ", हम कहते हैं "मैं उठूँगा और जाऊँगा!" पिता परमेश्वर, आपकी पुकार सुनने के लिए मुझे कान दीजिए और यह जानिए कि यह मेरी शंकाओं से कहीं अधिक महान है।
- हमारे परमेश्वर, हमें भरोसा है कि आप हमारे भीतर और हमारे माध्यम से और हमारी कल्पना से कहीं अधिक बढ़कर काम करेंगे। हमने आपकी अचूक आवाज़ को सुना है और हम अपने बीच आपकी सामर्थ को पाने के लिए बेताब हैं। हम प्रार्थना करते हैं कि आप हमारे राष्ट्र को बदल दें। परमेश्वर, हमें जागृत करें, 'न तो बल से और न ही शक्ति से, बल्कि अपनी आत्मा से'।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: नॉर्थलैंड पर आशीष और पवित्र आत्मा के उंडेले की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह पास्टर शॉन फोस्टर और उस क्षेत्र के अन्य पासवानों की रक्षा करें और उनका अभिषेक करें। हमारे फ़िजी जातीय नेता पास्टर सोलो और वाटी स्टार्क के लिए आशीर्वाद, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। हमारे सभी फ़िजी चर्चों पर दोगुने अभिषेक की घोषणा करें और फ़िजी चर्च-प्लांटरों की रिहाई की घोषणा करें। हमारे प्रिय अल्फाक्रूसिस कॉलेज का समर्थन करें, कॉलेज के लिए परमेश्वर के आशीर्वाद और प्रावधान की घोषणा करें। परमेश्वर से प्रार्थना करें कि सभी पीढ़ियों के छात्र अल्फाक्रूसिस में वचन और पवित्र आत्मा की सामर्थ का अध्ययन करने के लिए आने पाएं। राष्ट्रीय निदेशक पास्टर लीना कुकुताई और अल्फाक्रूसिस के सभी कर्मचारियों के लिए सामर्थ, बुद्धि और परमेश्वर के प्रेम के बढ़ते ज्ञान के लिए प्रार्थना करें।






# दिन 18 — गुरुवार, 9 अक्टूबर

यीशु ने फिर उन से कहा, तुम्हें शान्ति मिले; जैसे पिता ने मुझे भेजा है, वैसे ही मैं भी तुम्हें भेजता हूं। यह कहकर उस ने उन पर फूंका और उन से कहा, पवित्र आत्मा लो। जिन के पाप तुम क्षमा करो वे उन के लिये क्षमा किए गए हैं जिन के तुम रखो, वे रखे गए हैं।। यूहन्ना 20:21-23

## प्रार्थना विषय


- पिता परमेश्वर, हम अपने हृदयों को निरंतर उस अनुभव को प्राप्त करने के लिए खोलते हैं जो आपने MM33 के दर्शन में दिया है। हर महाद्वीप में असेंबली ऑफ गॉड के नेताओं की एकता और सहमति के लिए धन्यवाद। ऐसे समय के लिए हम आपको धन्यवाद देते हैं।
- एक ऐसा समय जब आपने जानबूझकर हमें शहरों/कस्बों/गाँवों और राष्ट्रों में एक वैश्विक आंदोलन के रूप में स्थापित किया है ताकि दुनिया को उल्टा-पुल्टा कर सकें।
- हम प्रार्थना करते हैं कि हमारे कलीसियाई आंदोलन में आपका प्रेम हमारे इलाकों में बहने पाए। हम आत्मिक ज्ञान और समझ में बढ़ते रहें। हमारी निरंतर विनम्रता में आप हमें इस बात में विकसित करें कि वास्तव में आपके लिए क्या मायने रखता है। हम मसीह के पुनरागमन के दिन तक विश्वासयोग्य, शुद्ध और निर्दोष जीवन जिएँ।
- पवित्र आत्मा, मिशन की आत्मा, और शक्ति की आत्मा, हम हर उस स्थान पर आपकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद देते हैं जहाँ हमें भेजा जाता है। हमें यीशु का साहसपूर्वक प्रचार करने और राज्य को प्रदर्शित करने वाले चिन्ह चमत्कार  करने का साहस प्रदान करें।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: हमारे आंदोलन के सभी बच्चों और युवाओं को प्रार्थना में उठाएँ। आओटेरोआ में निडर पीढ़ी के उठने की घोषणा करें। युवाओं की एक सेना पवित्र आत्मा की शक्ति और यीशु के प्रति प्रेम से प्रज्वलित हो, जो दानवों के सामने भी पीछे न् हटे। पीएस जेमी और रिबका चैपमैन का समर्थन करें, परमेश्वर से हर स्वर्गीय आशीष को माँगें जब वह निडर होकर आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। हमारे कुक द्वीप के जातीय नेता और कार्यक्रम प्रबंधक पीएस अनी और रीया तांगिमाताइती के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। हमारे सभी कुक द्वीप के चर्चों पर दोहरे हिस्से की आशीष और कुक द्वीप के चर्च-प्लांटरों की रिहाई की घोषणा करें।


# दिन 19 — शुक्रवार, 10 अक्टूबर

और इन बातों के बाद प्रभु ने सत्तर और मनुष्य नियुक्त किए और जिस जिस नगर और जगह को वह आप जाने पर था, वहां उन्हें दो दो करके अपने आगे भेजा। और उस ने उन से कहा; पके खेत बहुत हैं; परन्तु मजदूर थोड़े हैं: इसलिये खेत के स्वामी से बिनती करो, कि वह अपने खेत काटने को मजदूर भेज दे। जाओ; देखों मैं तुम्हें भेड़ों की नाईं भेडियों के बीच में भेजता हूं। इसलिये न बटुआ, न झोली, न जूते लो; और न मार्ग में किसी को नमस्कार करो। जिस किसी घर में जाओ, पहिले कहो, कि इस घर पर कल्याण हो। यदि वहां कोई कल्याण के योग्य होगा; तो तुम्हारा कल्याण उस पर ठहरेगा, नहीं तो तुम्हारे पास लौट आएगा। उसी घर में रहो, और जो कुछ उन से मिले, वही खाओ पीओ, क्योंकि मजदूर को अपनी मजदूरी मिलनी चाहिए: घर घर न फिरना। और जिस नगर में जाओ, और वहां के लोग तुम्हें ग्रहण करें, तो जो कुछ तुम्हारे साम्हने रखा जाए वही खाओ। लुका 10:1-8

## प्रार्थना विषय

- प्रभु यीशु, हम प्रार्थना करते हैं कि न्यूज़ीलैंड में असेंबली ऑफ़ गॉड आंदोलन द्वारा जिन खेतों में आपने हमें भेजा वहाँ बड़ी फसल कटेगा। हम हमारे सभी चर्चों में मिशन की एक नई आंधी के बहने की घोषणा करते हैं। ताकि हम एक-दूसरे को बुलाए, नियुक्त और भेजे गए मज़दूरों के रूप में पहचानें।
- प्रभु परमेश्वर, हम हर अच्छे काम में फल लाने और मिशन के परमेश्वर, यानि आपके ज्ञान में एक साथ बढ़ने की लालसा रखते हैं। हम आपसे प्रार्थना करते हैं कि आप हमें अपनी महिमामय सामर्थ के अनुसार पूरी शक्ति से मजबूत करें। ताकि हम महान सहनशीलता और धैर्य रख सकें, और खुशी से आपका धन्यवाद कर सकें। हमें खुशी है कि आपने हमें कटनी के लिए मज़दूरों के रूप में योग्य बनाया है, जो प्रकाश के राज्य में संतों की विरासत के भागीदार हैं (कुलुस्सियों 1)।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: हमारे पासवान-कार्यालयों में पास्टर की भूमिका के समर्थक, हमारे पास्टर-कार्यालय निदेशक, पीटर टेट को परमेश्वर के समक्ष उठाएँ। कटनी के प्रभु से प्रार्थना करें कि वह हमारे आंदोलन के सभी लोगों को हमारे कार्यस्थलों में मिशन क्षेत्र के लिए जागृत करें। प्रार्थना करें कि न्यूज़ीलेंड के स्मोकिंग रूम और वाटर कूलर के आसपास के क्षेत्रों में यीशु का नाम कृपापूर्वक बांटा जाए। हमारे कोरियाई जातीय नेता पीएस हो मिन किम के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें। हमारे सभी कोरियाई चर्चों पर दोगुने आशीष की घोषणा करें और कोरियाई चर्च-प्लांटरों पर रिहाई की घोषणा करें।






# दिन 20 — शनिवार, 11 अक्टूबर

उस ने गलील की झील के किनारे फिरते हुए दो भाइयों अर्थात शमौन को जो पतरस कहलाता है, और उसके भाई अन्द्रियास को झील में जाल डालते देखा; क्योंकि वे मछवे थे। और उन से कहा, मेरे पीछे चले आओ, तो मैं तुम को मनुष्यों के पकड़ने वाले बनाऊंगा। वे तुरन्त जालों को छोड़कर उसके पीछे हो लिए। मत्ती 4:18-20

## प्रार्थना विषय


- प्रभु यीशु, मैं नकमस्तक होकर आपका धन्यवाद देता हूँ की आपने मुझे देखा और कहा की, "आओ, मेरे पीछे आओ और मैं तुम्हें मनुष्यों का मछुआरा बनाऊँगा"। मैं ख़ुशी से कहता हूँ, "हाँ, मैं आपका अनुसरण करूँगा, मैं अपना पुराना जीवन छोड़कर आपके साथ मनुष्यों को पकड़ूँगा"।
- स्वर्गीय पिता, होने दें की हमारे आंदोलन में मध्यस्थता और देखभाल आत्मा उतर आए, ताकि हम एक-दूसरे के लिए प्रार्थना करना कभी न छोड़ें और उन क्षेत्रों के लिए प्रार्थना कर सकें जहाँ आपने उन्हें भेजा है। हम हमेशा एक-दूसरे पर हाथ रखते हुए आपसे प्रार्थना करते रहें कि आप एक-दूसरे को सारी आत्मिक बुद्धि और समझ के द्वारा अपनी इच्छा और ज्ञान से भर दें (कुलुस्सियों 1:9)।
- पिता, हमारी प्रार्थनाहीनता और आत्म-निर्भरता को क्षमा करें। हमें फिर से दिखाएँ कि कैसे हम आपके सामने कैसे घुटने टेकें, जिनसे स्वर्ग और पृथ्वी पर के आपके पूरे परिवार को नाम मिला है। हमारे आंदोलन को एक-दूसरे के लिए प्रार्थना करने का एक नया अनुग्रह प्रदान करें... ताकि हम निरंतर प्रार्थना करें कि “वह अपनी महिमा के धन से तुम्हें अपनी आत्मा के द्वारा तुम्हारे भीतरी अस्तित्व में सामर्थ्य से दृढ़ करे, ताकि मसीह विश्वास के द्वारा तुम्हारे हृदयों में वास करे” (इफिसियों 3)।
- हम प्रार्थना करते हैं कि न्यूज़ीलैंड में असेंबली ऑफ़ गॉड परमेश्वर के प्रेम में निहित और स्थापित हों, और दुनिया भर के सभी संतों के साथ मिलकर, मसीह के प्रेम की व्यापकता, लंबाई, ऊँचाई और गहराई को समझने की शक्ति प्राप्त करें, और इस प्रेम को जानें जो ज्ञान से परे है - ताकि हम परमेश्वर की संपूर्णता से परिपूर्ण हो सकें।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: हमारे राष्ट्रीय सचिव और MM33 के मुख्य व्यक्ति Ps डैरेन और शेरोन गैमी के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि की प्रार्थना करें। Ps डैरेन और हमारे राष्ट्रीय कार्यालय के कर्मचारियों, एनी, सारा, एडविना और एंजेला के लिए परमहस्वर को धन्यवाद दें और उनका आदर करें। प्रार्थना करें की पमेश्वर उन्हें अनुग्रह, ज्ञान और शक्ति से भरें क्योंकि वे हमें आवश्यक सहायता और संचार प्रदान करते हैं।

# दिन 21 — रविवार, 12 अक्टूबर

निदान प्रभु यीशु उन से बातें करने के बाद स्वर्ग पर उठा लिया गया, और परमेश्वर की दाहिनी ओर बैठ गया। और उन्होंने निकलकर हर जगह प्रचार किया, और प्रभु उन के साथ काम करता रहा, और उन चिन्हों के द्वारा जो साथ साथ होते थे वचन को, दृढ़ करता रहा। आमीन॥ मरकुस 16:19-20

## प्रार्थना विषय

- प्रभु यीशु, आपने हमें जो काम सौंपी है, उसे हम स्वीकार करते हैं, हम इस बात से प्रसन्न हैं कि आप हमारे लिए जगह तैयार कर रहे हैं और निरंतर हमारे लिए प्रार्थना कर रहे हैं। हम "आइए" बुलाते हैं और आपकी विजयी वापसी और आपके निर्विरोध शासन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हम प्रार्थना करते हैं की आप हमें नया साहस से भरें ताकि जो काम आपने दुनिया की नींव से ही हमारे लिए पूर्वनिर्धारित किए हैं उन्हें हम कर सकें।
- हम फिर से घोषणा करते हैं... "न्यूज़ीलैंड में असेंबलीज़ ऑफ़ गॉड का प्रभाव 2033 तक आओटेरोआ में दोगुने से भी ज़्यादा हो जाएगा और हमारा आंदोलन आओटेरोआ के अन्य आंदोलनों के लिए आशीर्वाद का स्त्रोत होगा"।
- स्थानीय/राष्ट्रीय/वैश्विक मिशन: न्यूज़ीलैंड में जागृति के लिए प्रार्थना करें, परमेश्वर का एक ऐसा कदम पहले कभी नहीं देखा गया। प्रार्थना करें कि कीवी चर्च यीशु द्वारा दिए गए कार्य की ज़िम्मेदारी ले सकें... ताकि वे शिष्यों को अपने समुदायों और राष्ट्रों में भेजे जाने के लिए उत्सुक बना पाएं। हमारे ग्लोबल मिशन्स के सूत्रधार पीएस टेरी ब्रैडली के लिए आशीष, साहस, प्रावधान और बुद्धि के लिए प्रार्थना करें।
- "अब सारी महिमा परमेश्वर की हो, जो तुम्हें भटकने से बचा सकता है और तुम्हें बिना किसी दोष के बड़े आनंद के साथ अपनी महिमामय उपस्थिति में ले आएगा। सारी महिमा उसी की हो जो एकमात्र परमेश्वर है, हमारा उद्धारकर्ता हमारे प्रभु यीशु मसीह के माध्यम से। सारी महिमा, वैभव, शक्ति और अधिकार सर्वदा से पहले, वर्तमान में और सर्वदा से परे उसी का है! आमीन।



*If my people, who are called by my name, will humble themselves and pray and seek my face and turn from their wicked ways, then I will hear from heaven, and I will forgive their sin and will heal their land.* 2 Chronicles 7:14



## Feedback

Thank you for praying for 21 Days.
The AGNZ Prayer Team would love to hear from you. Use the email address below to let us know your insights, thoughts and suggestions. Email us at agnznationalprayer@gmail.com

## Support

Our goal is to raise up an eco-system of prayer throughout the AGNZ movement and beyond. If you would like to help, we'd be grateful for your prayers and your financial support. Account details: name, 'AGNZ Prayer'. Number, 03-0196-0120003-001

## Website

Website:- To learn more, find resources and get translations of this Guide in other languages, go to www.agnz.org/prayer-initiative